Title : Need to resume the services of train Nos. 54039-54040-Laid.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र): मैं माननीय रेलमंत्री जी का ध्यान अपनी लोकसभा कुरुक्षेत्र के एक महत्पूर्ण विषय की ओर दिलाना चाहता हूँ, निवेदन है कि कोरोना से पहले अर्थात् 2019 तक कुरूक्षेत्र से नरवाना साईड वाया कैथल 6 गाडियां तथा नरवाना साइड से वाया कैथल 16 गाड़ियां चलती थी उसके बाद लगभग सभी गाडियां बंद कर दी गई थी । उसके बाद अब दोबारा भारतीय रेलवे द्वारा 10 गाडियां का आना-जाना शुरू करवाया है जिसमें सबसे जरूरी गाडी नं0 54039-54040 को अब तक नहीं चलाया गया है जबकि यह गाडी बहुत जरूरी थी क्योंकि कुरुक्षेत्र से नरवाना साइड कैथल सुबह 9 बजे तथा इसके बाद रात को 7-30 बजे आती है । इस प्रकार नरवाना से सुबह 10 बजे तक तथा इसके बाद रात को 7 बजे आती है इस प्रकार दोनों साईड की गाड़ियों के लिए 9 से 10 घंटे तक सवारियो को इंतजार करना पड़ता है । अतः मेरा माननीय रेलमंत्री से अनुरोध है कि गाडी नं0 54039-54040 की जरूरत को देखते हुए इस गाड़ी को सवारियों की भलाई के लिए व जनता की मांग को करें । देखते हुए इस गाडी को जल्द से जल्द चलवाने की कृपा करें ।